सादर प्रकाशनार्थ

महाशिवरात्रि महोत्सव में अनेकानेक कार्यक्रमों का आयोजन

कोरबा 13.02.2018–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में विशाल शिव बारात तथा शिव संदेश यात्रा बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ कोरबा शहर में निकाली गई। रामजानकी मंदिर परिसर में आयोजित शिवरात्रि महोत्सव में भ्राता रणबीर शर्मा आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा ने कहा एक प्रशासनिक अधिकारी अनेक लोगों की बातें सुनकर निर्णय लेने के लिये बाध्य होता है। कोध पर नियंत्रण रखना आवश्यक होता है। इस भागम्भाग की दुनिया में तनाव आना स्वाभाविक है। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सदस्यों से जब भी मैं मिलता हूँ, तो मुझे ऐसा लगता है कि ये बड़े शांत हैं, बहुत सुखी हैं, बहुत संतुष्ट हैं, इनका कोध पर नियंत्रण हैं। बहन इन्दु शर्मा अध्यक्षा गौमुखी सेवाधाम देवपहरी ने कहा कि पाप कटेश्वर, मुक्ति, जीवन मुक्तिदाता एक परमपिता परमात्मा शिव ही हैं। उनकी याद से पाप कट जाते हैं और हमारी झोली वरदानों से भर जाती है। ब्रह्माकुमारी रूकमणी बहन ने कहा कि परमात्मा तो एक ही सर्वोच्च सत्ता है, जो कि सदा शिव के नाम से परिचित हैं। शिव का अवतरण अज्ञान अंधेरे में, धर्मग्लानि के समय, कलिकाल के अंत में होता है। इसलिये शिवरात्रि का विशेष महत्व है। लिटिल स्टार ग्रुप, आदर्श हायर सेकेण्ड्री स्कूल बाल्को ने शैलेन्द्र कुमार शर्मा शिक्षक के निर्देशन में सुन्दर मनारम ताण्डव नृत्य की प्रस्तुति की।

राजयोग केन्द्र बाल्को में आयोजित परिचर्चा में भ्राता जयसिंह अग्रवाल विधायक कोरबा ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि इस तरह के आयोजनों में आने का हमें अवसर मिलता है। कोरबा क्षेत्र के विकास में, तरक्की और उन्नति में संस्था का बहुत बड़ा योगदान है। आपने सभी को शिवरात्रि की शुभकामनायें और बधाईयां दी। भ्राता आशीष रंजन प्रमुख कम्पनी संवाद बाल्को ने कहा कि शिव कल्याणकारी तथा आशुतोष अर्थात् जल्दी प्रसन्न होने वाले हैं। राजयोग के अभ्यास से मन में पवित्रता और सुख, शांति की प्राप्ति होती है। मो. ए. जी. खान(खाकी कोरबवी) ने कहा कि ईश्वर सभी का पालनहार है, दयावान है, कृपाशील है, उससे ही हमारी साँस है, हमारे प्राण हैं, हमारा अस्तित्व है, उसी की कृपा से हम जीवित हैं। हम उसी मालिक के बन्दे हैं, वह हमें बहुत चाहता है,। वह परम पवित्र है। हमें उन्हों का संदेश ग्रहण करना चाहिए। यदि हम उनके बतलाये मार्ग पर चलते हैं, सत्य का अनुसरण करें, तो उसके आवाज में इतनी ताकत आ जाती है, कि वह यदि भूल से पत्थर का सोना कह दे, तो वह सोने में तबदील हो जाता है। भ्राता कमल कर्माकर, बहन रूचि ने भी अपन विचार व्यक्त किये। कु. नेहा एवं कु. आतुल्या ने गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की तथा शिव संदेश गुब्बारे छोड़े गये।

राजयोग केन्द्र गेवरा–दीपका में आयोजित कार्यकम में भ्राता बुगल दुबे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दीपका ने कहा कि मैंने दीपका में संस्था को बहुत छोटे रूप में प्रारम्भ रूप से देखा है, आज इसके विशाल रूप को देख कर मुझे अति प्रसन्नता हो रही है। मै परिषद परिवार की ओर से इसके विकास के लिये हर सम्भव प्रयत्न करूंगा। भ्राता धर्मलाल टण्डन अध्यक्ष सीटू एस.ई.सी.एल दीपका क्षेत्र, एस.एल.राठौर प्रचार्य स.शिशु मंदिर गेवरा, कुसुमलता कैवर्त, पार्षद, पवन अग्रवाल ने भी शुभकामनायें दीं व्यक्त किये।

राजयोग केन्द्र कटघोरा में आयोजित कार्यकम में बहन ललिता डिक्सेना अध्यक्षा नगर पालिका परिषद कटघोरा ने कहा शिव रात्रि पर लोग जागरण कर शिव की पूजा अर्चना करते हैं। भक्ति भावना का फल भगवान भक्तों को देते हैं। डॉ के सी देबनाथ ने कहा कि इस धरा पर परमात्मा का अवतरण हो चुका है और वे सतयुगी सृष्टि की स्थापना का कार्य

प्रजापिता ब्रह्मा के द्वारा कर रहें हैं। राजयोग केन्द्र ओमपुर कालोनी रजगामार में भी बड़े ही धूमधाम से शिवरात्रि का त्यौहार मनाया गया।

मानवता की सेवा में, ब्रह्माकुमारी रूकमणी